प्रेषक,

श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड,
श्रम भवन, नैनीताल रोड,
हल्द्वानी।

सेवा में,

1. अध्यक्ष, सिडकुल इण्टरप्रिन्योर वेलफेयर सोसाइटी, पंतनगर।
2. अध्यक्ष, कुमाऊँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, काशीपुर।
3. अध्यक्ष, इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन, उत्तराखण्ड, मोहब्बेवाला, देहरादून।
4. अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. सिडकुल मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन, हरिद्वार।

संख्याः 2630/आई०आर० -(मु)/2025 दिनांक– 24-07-2025

विषयः श्रमिक संगठनों द्वारा प्राप्त शिकायतों का सौहार्दपूर्ण रूप से निस्तारण कराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया प्रायः देखा जा रहा है कि विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में विभिन्न श्रमिक संगठनों एवं श्रमिकों द्वारा निरंतर समस्याएं/शिकायतें प्रस्तुत की जा रही है जिनका द्विपक्षीय सुलह–समझौतों के माध्यम से सौहार्दपूर्ण निस्तारण का प्रयास किया जाता है। जिससे कि औद्योगिक क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं औद्योगिक शांति स्थापित रहे। यह भी संज्ञान में आया है कि समस्याओं/शिकायतों के निस्तारण हेतु क्षेत्रीय उप श्रमायुक्त/सहायक श्रम आयुक्त द्वारा शिकायतों/विवादों के निस्तारण हेतु पत्र प्रेषित किये जाने के उपरांत भी अधिकांश कारखाना स्वामी अथवा सक्षम प्रतिनिधियों द्वारा वार्ता में प्रतिभाग नहीं किया जा रहा हैं, जिससे समस्याओं का समयांतर्गत निराकरण नहीं होने से श्रमिकों/श्रमिक संगठनों में रोष उत्पन्न हो रहा है, जिससे विभाग के साथ–साथ कारखानों के प्रति भी नकारात्मक छवि उत्पन्न हो रही है।

अतः इस पत्र के माध्यम से अपेक्षा की जाती है कि शिकायतों के निस्तारण हेतु अपने स्तर से समस्त कारखानों का अवगत कराते हुए क्षेत्रीय कार्यालयों में आहूत वार्ता में सक्षम प्रतिनिधि के माध्यम से प्रतिभाग करते हुए शिकायतों का यथासमय निस्तारण किये जाने हेतु सहयोग प्रदान करने का कष्ट करेंगे।

भवदीय,

24/07/2025

(प्रकाश चन्द्र दुम्का)
श्रम आयुक्त,उत्तराखण्ड़।

संख्याः /उक्त तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर श्रम आयुक्त (प्रभारी), उत्तराखण्ड।
2. उप श्रम आयुक्त, देहरादून/हरिद्वार/उधमसिंहनगर/हल्द्वानी।

(प्रकाश चन्द्र दुम्का)
श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड़।